FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य थाना रसूलपुर दिनांक 15-01-2025 जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा ट्रक में छुपाकर ले जा रहे मैकडॉवेल्स हरियाणा मार्का अवैध अंग्रेजी शराब कुल 255 पेटी (1008 बोतल, 2304 अद्धे व 3600 पव्वे) अनुमानित कीमत करीब 31 लाख रूपये सहित दो शराब तस्कर राशिद उर्फ ढप्पा व जुबैर गिरफ्तार।

- **दोनों शराब तस्कर हरियाणा मार्का की अवैध अंग्रेजी शराब ट्रक में छुपाकर बिहार सप्लाई हेतु ले जा रहे थे।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में अवैध शराब की तस्करी करने वाले तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 15-01-2025 को चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान ट्रक में छुपाकर बिहार ले जा रहे मैकडॉवेल्स हरियाणा मार्का अवैध अंग्रेजी शराब सहित दो अभियुक्तों 1. राशिद उर्फ ढप्पा उम्र करीब 34 वर्ष पुत्र स्व0 जुम्मा निवासी ग्राम बीवन थाना फिरोजपुर झिरका जनपद नूह हरियाणा 2. जुबैर उम्र करीब 32 वर्ष पुत्र आसू उर्फ आस मोहम्मद निवासी ग्राम बीवन थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूह हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। । दोनों के कब्जे से ट्रक नम्बर यूपी 78 जीएन 8283 में छुपाकर ले जा रहे कुल 255 पेटी हरियाणा मार्का की अवैध अंग्रेजी शराब (1008 बोतल, 2304 अद्धे, व 3600 पव्वे) (अनुमानित कीमत करीब 31 लाख रूपये) बरामद की गयी हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर ट्रक को सीज करते हुए थाना रसूलपुर पर मु0अ0सं0 23/2025 धारा 318(4)/345(3)/111(2) बीएनएस व 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. राशिद उर्फ ढप्पा पुत्र स्व0 जुम्मा निवासी ग्राम बीवन थाना फिरोजपुर झिरका जनपद नूह हरियाणा।
2. जुबैर पुत्र आसू उर्फ आस मोहम्मद निवासी ग्राम बीवन थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूह हरियाणा।

अपराध करने का तरीकाः--

अभियुक्तगण उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया की वह अपने ट्रक में अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का को छिपाकर बिहार में ले जाकर सप्लाई करते हैं। इससे उनको अच्छे धन की कमाई होती है।

बरामद माल का विवरण-

1-एक अदद टाटा ट्रक सफेद रंग नं0 यू0पी0 78GN8283 (सीजशुदा अन्तर्गत धारा 207 MV Act) जिसमें कुल 255 पेटी मैकडॉबेल्स हरियाणा मार्का अवैध अंग्रेजी शराब (1008 बोतल, 2304 अद्धे व 3600 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब) (अनुमानित कीमत लगभग 31 लाख रूपये))

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनुज कुमार थाना रसूलपुर फिरोजाबाद
2. उ0नि0 सुनील कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद
3. उ0नि0 विमल कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद
4. प्र0उ0नि0 आयुष राणा थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद
5. है0का0 1023 मोहम्मदआफताब थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद
6. का0 306 रोकी तोमर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद
7. का0 356 अभिषेक उज्ज्वल थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद